# ब्रह्माकुमारी बहनों ने 500 गणमान्य लोगों को तिरंगे धागे का रक्षा सूत्र बांधा

**बीकानेर,** (कासं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र सार्दुलगंज की ओर से आयोजित रक्षा बंधन सप्ताह व पर्व गुरूवार को जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल व नगर निगम महापौर सुशीला कंवर सहित करीब 500 गणमान्य लोगों, केन्द्र के अनुयायियों के रक्षासूत्र बांधने के बाद संपन्न हुआ। सुबह सात बजे से शाम तक केन्द्र में रक्षा बंधन के कारण मेले का सा माहौल था।

केन्द्र प्रभारी बी. के. कमल बी. के. मीना व बी. के. रजनी व बी. के.राधा भगवान शिव आकृति की सुनहरी, लाल कसुम्बल धागे में पिरोई हुई व आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विशेष तौर पर तैयार की गई तिरंगे धागे की राखी बांधी। हिन्दी व अंग्रेजी में शुभ संकल्प के कार्ड प्रदान कर संकल्प का स्मरण दिलाया। क्षेत्रीय केन्द्र सार्दुलगंज की प्रभारी बी. के. कमल ने संदेश में कहा कि रक्षा बंधन पर्व हमें तमोगुणी प्रवृतियों व विचारों को त्याग कर सद्गुणों, सदविचारों व सद् संकल्पों के साथ जीने के साथ शांति, सद्भावना, सौहार्द की परम्परा की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। भाल पर लाल कुंमकुंम का तिलक व उस पर अक्षत हमें सात्विक प्रवृति, मानवीय, आध्यात्मिक मूल्यों को अक्षय



ब्रह्माकुमारी क्षेत्रीय केन्द्र प्रभारी बी. के. कमल ने प्रबुद्धजनों को राखी बांधी।

रखते हुए आत्म-चिंतन, आत्म मनन करते हुए बिना किसी नशे, व्यसन के जीवन व्यापन करने का संदेश देता है। शिव आकृति की राखी सत्यम, शिवम, सुन्दरम के साथ निराकार बिन्दु स्वरूप परमात्मा का स्मरण दिलाता है।

**गंगानगर सेंट्रल जेल के सामने लगी बहनों की भीड़ :** यूं तो रक्षाबंधन खुशियों का त्योहार है लेकिन गुरूवार को कुछ ऐसी बहनें भी नजर जिनका यह त्योहार बंधन में मनाया गया। ये बहनें खुलकर न तो भाई का हाल जान पाई और न ही भाई उन्हें अपनी खुशी से उपहार ही दे पाए।

ये वो बहनें थी जिनके भाई किसी अपराध में सजा काट रहे थे। श्रीगंगानगर की सेंट्रल जेल के बाहर सुबह से ऐसी बहनों की भीड़ लगने लगी। जेल स्टाफ ने भी इन बहनों को जेल में एंट्री के लिए तमाम इंतजाम कर लिए। गहन तलाशी के बाद इन्हें जेल में प्रवेश करवाया गया। वहीं बस कुछ मिनटों में भाई को राखी बांधकर इन महिलाओं को बाहर आना पड़ा।

इन बहनों की सुरक्षा जांच दो स्तरों पर हुई। जेल के बाहर बने कमरे में महिला जेल कर्मियों ने इनकी तलाशी ली। इसके बाद इन्हें जेल में एंट्री दी गई। एंट्री के बाद एक बार फिर इन्हें जांचा गया। वहां से जांच के बाद ही अंदर

- **सुनहरी, लाल कसुम्बल धागे में पिरोई हुई विशेष तौर पर तैयार की गई तिरंगे धागे की राखी बांधी**

प्रवेश करवाया गया। इन महिलाओं को अपने साथ केवल मिठाई के दो पीस और राखी ही ले जाने की अनुमति थी।

जेल स्टाफ ने बताया कि पिछले कुछ समय में जेल में मोबाइल और नशा मिलने जैसे मामले बढ़ने के मद्देनजर इस बार सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। जेल में किसी भी बंदी की बहन की एंट्री से बाहर निकलने तक पूरी नजर रखी गई है।

कई बंदियों के परिजन अपने साथ त्योहार के मद्देनजर फल और मिठाईयां लाये थे। लेकिन उन्हें अंदर ले जाने की अनुमति नहीं थी। ऐसे में वे इसे गेट से ही वापस ले गए। जेल स्टाफ बार-बार इन महिलाओं को अपने साथ केवल मिठाई और राखी ही ले जाने की हिदायत देता रहा। जेल सुरपरिटेंडेंट दिनेश मीणा ने बताया कि सुबह पुरुष बंदियों को राखी बांधने के लिए उनकी बहनें आई। वहीं दोपहर बाद महिला बंदियों के भाईयों को भी उनकी बहनों से राखी बंधवाने के लिए बुलाया गया है।

## हनुमानगढ़-सादुलपुर ट्रेन पुनः शुरू

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सांसद निहालचंद के हस्तक्षेप के बाद रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा हेतु हनुमानगढ-सादुलपुर-हनुमानगढ प्रतिदिन स्पेशल रेलसेवा का पुनः संचालन करने का निर्णय लेते हुए इसका संचालन प्रारम्भ कर दिया है।

अभी कुछ दिन पूर्व इस ट्रेन को मेला स्पेशल के नाम पर चलाने की घोषणा करते हुए इसके आधिकांश स्टॉपेज नहीं दिये गये थे। ग्रामीणों की भारी मांग के बाद अब रेलवे ने इसे नियमित ट्रेन के रूप मे चलाने की घोषणा कर दी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाडी संख्या 04778 हनुमानगढ़-सादुलपुर प्रतिदिन स्पेशल रेलसेवा 11 अगस्त से प्रतिदिन हनुमानगढ़ से शाम 6.35 बजे रवाना होकर रत्रि 11.20 बजे सादुलपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04777 सादुलपुर-हनुमानगढ़ प्रतिदिन स्पेशल रेलसेवा 12 अगस्त से प्रतिदिन सादुलपुर से प्रातः 05.15 बजे रवाना होकर 09.30 बजे हनुमानगढ़ पहुंचेगी। मार्ग में यह रेलसेवा हनुमानगढ़ टाउन, शेरेखां, सलेमगढ मसानी, टीबी, तलवाडा झील, एलनाबाद, सुरेरा, खिनानियां, भुकरका, नोहर, दीपलाना, श्री रामगढ हॉल्ट, गोगामेडी, तहसील भादरा, कालना, अनूपशहर, सिद्धमुख व पहाड़सर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## सार-समाचार

### मदरसा दारुल उलूम में तिरंगा बांटा



**बीकानेर,** (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सुभाष पुरा स्थित मदरसा दारुल उलूम गरीब नवाज में सुमंगल जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा तिरंगा वितरण का कार्यक्रम रखा गया। राष्ट्रीय तिरंगा यात्रा के सदस्य और ट्रस्ट के सेक्रेटरी अशोक भाटी ने बताया कि मदरसे के मुफ्ती जमील अहमद की अगुवाई में तिरंगा वितरण किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने मदरसे के छात्रों को आजादी और लोकतंत्र का महत्व बताया। राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के संयोजक अयूब कायमखानी ने देश की आजादी के आंदोलन के बारे में जानकारी दी। ट्रस्टी एडवोकेट निमेष सुथार और मोहमद रफीक के साथ मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मदरसे के छात्रों ने इकबाल का तराना 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा' गाकर सबका मन मोह लिया। भाटी ने बताया कि अभियान के तहत ट्रस्ट के सौजन्य से दस हजार तिरंगों का वितरण किया जायेगा।

### तहसील पर नियंत्रण कक्ष स्थापित

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के पशुओं में फैल रही लम्पी स्किन डिजीज महामारी की रोकथाम, निवारण व आमजन को जागरूक करने व तत्काल पशु चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए तहसील स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गए हैं। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश किलानियां ने बताया कि जिले की सभी तहसील में तहसील स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी को उसका प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश किलानियां ने बताया कि तहसील स्तरीय जो नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। उनमें नोहर तहसील में नियंत्रण कक्ष के नंबर 94145-78484 व इसके प्रभारी अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ रामकृष्ण बनीठिया को बनाया गया है। इसी प्रकार भादरा तहसील का नियंत्रण कक्ष नंबर- 94145-37542 व प्रभारी अधिकारी डॉ संजीव कौशिक को, पीलीबंगा के नियंत्रण कक्ष नंबर- 99505-84647 व प्रभारी अधिकारी डॉ हंसराज चौहान को, रावतसर के नियंत्रण कक्ष नंबर-94144-81073 व प्रभारी अधिकारी डॉ महावीर प्रसाद को, संगरिया के नियंत्रण कक्ष नंबर-94144-31797 व प्रभारी अधिकारी डॉ पुरुषोत्तम गुप्ता को, टिब्बी के नियंत्रण कक्ष नंबर-97830-33000 व प्रभारी अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार को, हनुमानगढ़ तहसील का नियंत्रण कक्ष नंबर - 01552- 230099 व प्रभारी अधिकारी डॉ राजवीर सिंह को बनाया गया है। इसके अलावा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के नंबर 01552-226699 हैं। जिसके प्रभारी अधिकारी संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश किलानियां खुद हैं। डॉ किलानियां ने बताया कि संबंधित तहसील के पशुपालक प्रातः 8 से रात 8 बजे तक उक्त नियंत्रण कक्षों पर संपर्क कर सकते हैं। तहसील स्तरीय नियंत्रण कक्ष प्रभारी चिकित्सक पशुपालकों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवायेंगे।

### मारपीट का मामला दर्ज

**बीदासर** (निसं)। पुलिस थाना क्षेत्र के गांव ढाणी रोही बालेरा के गिरधारी लाल जाट ने दो व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरधारी लाल ने मामला दर्ज करवाया कि 9 अगस्त को शाम करीब 6 बजे मेरा लड़का हरीराम गुसाईताल में बकरियां चरा रहा था। तब औमप्रकाश जाट व समेरी पत्नी इमरताराम आये तथा मेरे लड़के हरीराम के साथ कसी व थाप मुक्को से मारपीट की। हरीराम के रोने की आवाज सुनकर मेरा बडा भाई राजूराम व मेरा लडका लालराम पहुचे ओर बीच बचाव कर छुडवाया। हरीराम के साथ मारपीट के दौरान सिर फट गया तथा शरीर पर अनेक जगह पर चोटे आई है। पुलिस ने गिरधारी लाल की रिपोर्ट पर दो जनो के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है।

### श्रावणी कर्म पूजन किया

**रतनगढ़** (निसं)। श्रावण माह में वीर हनुमान मंदिर सूर्य सिनेमा के सामने में गुरुवार को श्रावणी कर्म पूजन पंडित कैलाशपति मिश्र एवं श्रवण इन्दौरिया के सान्निध्य में किया गया। श्रावणी कार्यक्रम में स्नान्तर्पण के पश्चात ऋषि पूजन किया गया। पूजन में बद्री प्रसाद बणसिया, भगवती प्रसाद हरित, मोहनलाल आत्रेय, संजय इंदौरिया, मनोज कुमार, सुशील कुमार इंदौरिया, हरि प्रकाश, चन्दन महर्षी, जगमोहन हारित, भंवरलाल सांखोलिया, चंद्रप्रकाश, एडवोकेट मोहनलाल महर्षि, रमेश गुर्जरगौड़, मनोज चौमाल, अशोक गौड, दीनदयाल बबेरवाल, गौरव जोशी सहित अनेक विप्र बंधु ने पूजा अर्चना की।

### रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया

**बीदासर** (निसं)। कस्बे में भाई-बहिन का त्योहार रक्षाबंधन का पर्व गुरूवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहिनों ने अपने भाईयों की कलाईयों पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु होनी की कामना की। वही घरों में बुधवार को माण्डे गये सूण को पूजार्चना कर जीमाया गया। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में राखियों व मिठाईयों की दूकानों पर चहल-पहल रही। बहिनों द्वारा दिनभर राखी बांधने का सिलसिला जारी रहा। घरों में विशेष प्रकार के व्यञ्जन बनाये गये।

### अम्बेडकर छात्रावास में पौधारोपण किया

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के वार्ड 6 स्थित राजकीय अम्बेडकर छात्रावास मे सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ सहायक अभियंता आशाराम बारूपाल, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार स्वामी ने किया।

# लम्पी स्किन रोग पर एक सप्ताह में काबू पा लेंगे : पी. सी. किशन

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। लम्पी स्किन डिजीज से प्रदेश में हर दिन करीब एक हजार और श्रीगंगानगर जिले में करीब डेढ़ सौ पशु मर रहे हैं। बीकानेर संभाग में श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में रोग तेजी से फैल रहा है। हालात की समीक्षा के लिए गुरूवार को पशुपालन विभाग के शासन सचिव पी. सी. किशन श्रीगंगानगर पहुंचे।

पी. सी. किशन ने कहा कि अगले सात दिन में श्रीगंगानगर में रोग पर काबू पा लिया जायेगा। वहीं पशुओं की मृत्यु दर भी प्रतिदिन सौ से कम तक आ जायेगी। श्रीगंगानगर जिले में लम्पी स्किन डिजीज की वजह से करीब डेढ़ सौ पशु प्रतिदिन मर रहे हैं। प्रदेश में यह आंकड़ा एक हजार है। उन्होंने कहा कि इस पर रोक लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और संभवतः अगले एक सप्ताह में बीकानेर संभाग में रोग पर काबू पा लिया जायेगा।

किशन ने कहा कि उन्होंने श्रीगंगानगर में अधिकारियों की बैठक ली है। उन्हें रोग के निस्तारण के लिए निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला कलेक्टर रुक्मिणी रियार जिले से बाहर होने के

- **उन्होंने कहा कि श्रीगंगानगर में यह रोग इसलिए बढ़ा क्योंकि इसकी शुरुआत यहां पहले हो गई थी**

कारण ऑनलाइन शामिल हुई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लम्पी स्किन डिजीज प्रभावित जिलों में से जोधपुर में तो रोग पर काबू पा लिया गया है लेकिन अन्य जिले जहां स्टाफ की जरूरत थी। वहीं पर स्टाफ उपलब्ध करवाया गया है। दूसरे जिलों से स्टाफ उन जिलों में दिया गया है जहां रोग का ज्यादा असर है। वहीं जिन जिलों में दवाओं और रोग की मॉनिटरिंग के लिए वाहनों की जरूरत थी, वे भी उपलब्ध करवाये गए हैं।

उन्होंने प्रदेश के हालात के बारे में बात करते हुए कहा कि प्रदेश में पहले हर दिन करीब तीन हजार पशु मर रहे थे। वहीं अब यह संख्या एक हजार तक पहुंच गई है। यानी हालात में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी पूरे हालात पर नजर रखे हुए हैं। डैड बॉडी के डिस्पोजल के लिए भी पूरी तरह से ध्यान रखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि श्रीगंगानगर में यह रोग इसलिए बढ़ा है क्योंकि इसकी शुरुआत यहां पहले हो गई थी। पशुपालकों में भी अपने स्तर पर उपचार का ट्रेंड इस इलाके में है। ऐसे में यहां लम्पी स्किन डिजीज के रोगी पशुओं की संख्या बढ़ी।

**हनुमानगढ़।** पशुपालन निदेशालय के शासन सचिव पी.सी. किशन गुरूवार को हनुमानगढ़ जिले के दौरे पर रहे। इस मौके पर उन्होंने सर्किट हाउस में गौवंश में फैल रही लम्पी स्किन डिजीज को लेकर पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अब तक जिले में हुए पशु सर्वे और संक्रमित पशुओं के बारे में जानकारी ली।

पी. सी. किशन ने कहा कि पशुओं में फैल रही लम्पी स्किन डिजीज की प्रभावी रोकथाम के लिए पशुपालकों के साथ-साथ आमजन को भी जागरूक किया जाए।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक

**चिड़ावा** (निसं)। आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर मनाए जा रहे हैं। अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा अभियान को लेकर नगर मंडल चिडावा की सभी 24 बूथ अध्यक्षों की एक बैठक शेखावाटी डिफेंस एकेडमी में भाजपा जिला महामंत्री एवं अभियान के मंडल प्रभारी राजेश दहिया ने मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा की अध्यक्षता में ली। जिसमें दहिया ने सभी अध्यक्षों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने-अपने बूथों पर तिरंगा लगाने के लिए और जनजागृति प्रभात फेरी का आयोजन भी बूथ स्तर पर करने के निर्देश दिए। सभी बूथ अध्यक्षों को 50-50 तिरंगे बूथों पर लगाने के लिए वितरण किए।

इसके बाद ग्रामीण मंडल चिड़ावा पर भी तिरंगे वितरण का कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष संदीप कुमावत व मंडल संयोजक जय सिंह नुनिया की अध्यक्षता में संजय शिक्षा समिति नूनिया गोठड़ा में करके कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को तिरंगे वितरित करके लगाने की जिम्मेवारी सौंपी। इसी क्रम में शहर में नया बस स्टैंड, कबूतर खाना, विवेकानंद चौक एवं रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ता व आमजन को तिरंगे वितरित किए गए।

# कांग्रेसजनों ने आजादी की गौरव यात्रा निकाली

**बीकानेर,** (कासं)। आजादी के 75 वे साल में बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने आजादी की गौरव यात्रा के तहत आज रानी बाजार चौराहे से रेलवे स्टेशन गंगाशहर रोड की गलियों से होते हुए गोगागेट सर्किल से जैन स्कूल के आगे से होते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्व. रामरतन कोचर सर्किल तक यात्रा निकाली। कांग्रेसजनों ने कोचर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि जिन व्यक्तियों या संगठनों का आजादी के आंदोलन में कोई योगदान नहीं जिनके अग्रज अंग्रेजी हुकूमत के लिए मुखबरी करते थे। वे भारतीय तिरंगे के सम्मान को कैसे जान सकते हैं। सिर्फ दिखावा ही उनकी मानसिकता है। हर घर तिरंगा अभियान चलाकर वे अपनी नाकामी छिपाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस इनके गलत इरादों को कामयाब नहीं होने देगी।

मदनगोपाल मेघवाल ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम जिन वीरों की शहादत पर लिखा गया। जिन वीर पुरषों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों में एक भी व्यक्ति

- **'आजादी के 75 वें वर्ष में नई पीढ़ी को इनका इतिहास बताने की आवश्यकता है'**

संघी या भाजपा का नहीं है। इनको केवल दिखावा करना आता है। आज भारतीय इतिहास में आजादी की लड़ाई लड़ने वाले वीर पुरूषों में कांग्रेस की लम्बी फेहरिस्त है। आज आजादी के 75 वें वर्ष में नई पीढ़ी को इनका इतिहास बताने की आवश्यकता है।

प्रवक्ता नितिन वत्सस ने बताया कि आज आजादी की गौरव यात्रा में पदयात्रा करने वालों में पार्षद सुशील सुथार, पार्षद अभिषेक गहलोत, पार्षद मनोज किराडू, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर, अभिषेक पंवार, विकास मांकड़ महासचिव सुभाष स्वामी, ललित तेजस्वी, रवि पुरोहित, रवि पारीक,पूर्व पार्षद गजानंद शर्मा, सचिव पाबूराम नायक, सोहन राव, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव उमा सुथार, आशा देवी स्वामी संतोष प्रजापत मौजूद थी।

# संयुक्त किसान मोर्चा का प्रदर्शन आज

**सादुलपुर,** (निसं)। स्वंतत्रता दिवस के 75वें पावन वर्ष एवं संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर स्वतंत्रता सेनानियों की याद में 12 अगस्त 2022 को प्रातः 11 बजे मिनीसचिवालय राजगढ पर किसानों, मजदूरों के द्वारा प्रदर्शन एवं आमसभा का आयोजन कर मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी राजगढ को ज्ञापन दिया जायेगा। ज्ञातव्य है कि जूलुस किसान मजदूर भवन राजगढ से चलकर मिनीसचिवालय पहुँचेगा। संयुक्त किसान मोर्चा राजगढ के कॉमरेड भगतसिंह ने बताया कि आमजन विरोधी मोदी सरकार नौजवानों का रोजगार छीनने के लिए जो अग्निपथ योजना लाई है, उसे वापस लिया जावें, संयुक्त किसान मोर्चा के साथ हुए समझौते को फौरन लागू किया जाए अन्यथा संयुक्त किसान मोर्चा पुरे देश में फिर से आदोलन करेगा और संघर्ष को ओर तेज करेगा। उन्होंने किसान, मजदूर, बेरोजगार नौजवानों व व्यापारियों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों, एससीएसटी वर्ग व आम मेहनतकसों से अपील की है कि 12 अगस्त को प्रातः 11 बजे अधिक से अधिक संख्या में राजगढ पहुँचने का आव्हान कर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किये जाने वाले प्रदर्शन व आमसभा को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## मेघवाल आज आयेंगे

**हनुमानगढ़,**(कासं)। आपदा प्रबंधन एवं सहायता, प्रशासनिक सुधार और समन्वय, सांख्यिकी विभाग एवं नीति निर्धारण प्रकोष्ठ तथा जिला प्रभारी मंत्री गोविंद राम मेघवाल 12 अगस्त को हनुमानगढ़ आयेंगे।

एडीएम प्रतिभा देवठिया ने बताया कि प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार जिला प्रभारी मंत्री मेघवाल शुक्रवार सुबह 7 बजे बीकानेर से रवाना होकर 10:15 बजे हनुमानगढ़ पहुंचेंगे। उसके बाद जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। बैठक के बाद प्रभारी मंत्री आजादी के अमृत महोत्सव मनाये जाने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगे। उसके बाद 4 बजे हनुमानगढ़ से रवाना होकर 8 बजे पूगल पहुंचेंगे।

# मृत गौवंश की बदबू से परेशान लोगों का विरोध-प्रदर्शन

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गंगानगर इलाके में इन दिनों लम्पी स्किन डिजीज फैलने के बाद कई गांवों में लोग सड़कों के किनारे गौवंश के शव फैंक रहे हैं।

बुधवार देर रात श्रीगंगानगर से हिन्दुमलकोट रोड पर गांव तीन वाई बस स्टैंड के पास किसी ने सड़क के किनारे मृत गौवंश डाल दिया। इससे हर तरफ बदबू फैल गई। परेशान लोगों ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर गवर्नमेंट पीजी कॉलेज छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष मुकेश गोदारा को मामले की जानकारी दी। गोदारा ने गांव के बाहर श्रीगंगानगर से हिन्दुमलकोट रोड पर प्रदर्शन शुरू कर

- **देर रात किसी ने गांव तीन वाई के पास सड़क पर मृत गौवंश डाल दिया**


दिया। प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाया।

गोदारा ने बताया कि इन दिनों लम्पी स्किन डिजीज से पशु मर तो रहे हैं लेकिन इनके डिस्पोजल के लिए पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं हो पा रही है। गुरूवार देर रात किसी व्यक्ति ने गांव तीन वाई के पास सड़क पर मृत गौवंश डाल दिया। इसकी बदबू सभी के लिए परेशानी बन गई। इस पर विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। बाद में पुलिस प्रशासन ने मौके पर ही गड्ढा खुदवाकर पशुओं को दफनाया। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी घटनाओं पर रोक नहीं लगी तो कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदर्शन में कालिया के पूर्व सरपंच जोगेंद्र सिंह, 3 वाई के पूर्व सरपंच इंद्रकुमार थोरी, राधेश्याम बिश्नोई, दिनेश, महिराम सुथार, सोनू सुथार, नवदीप बराड़, जग्गी सेखों, अमरजीत, आकाशदीप बवेजा, ताराचंद शाक्य मौजूद रहे।

# कल्पवृक्ष तपस्वी सुधा भंसाली व आकांक्षा वैद का अभिनंदन

**बीकानेर,** (कासं)। साध्वी मृगावती, सुरप्रिया व नित्योदयी के सानिध्य में रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में 11 व 8 दिन की तपस्या करने वाली सुधा भंसाली व आकांक्षा वैद तथा सौभाग्य कल्पवृक्ष तपस्वियों का अभिनंदन सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट व चातुर्मास व्यवस्था समिति व गुरु भक्त मंडल की ओर से अभिनंदन किया गया। दोनों तपस्वी भगवान आदिनाथ आदि विभिन्न मंदिरों में गाजे बाजे के साथ उपासरे पहुंची थी।

साध्वी मृगावती ने गुरूवार को प्रवचन में कहा कि उच्च मनोबल, देव, गुरू व धर्म के प्रति आस्था व विश्वास से तपस्या का पुण्य मिलता है। तपस्या के दौरान संकल्प के साथ साधना, आराधना व भक्ति करते हुए अपने आत्म व परमात्म स्वरूप को पहचानने के लिए पुरुषार्थ व प्रयास करें। तपस्वी परिजनों की ओर से प्रवचन सुनने आए श्रावक-श्राविकाओं को श्रीफल से अभिनंदन किया गया। साध्वीश्री मृगावती ने गुरूवार को सुगनजी



बीकानेर में सुगनजी महाराज के उपासरे में तपस्वी सुधा भंसाली व आकांक्षा वैद का अभिनंदन किया।

महाराज के उपासरे में प्रवचन में रक्षा बंधन पर्व के पौराणिक, आध्यात्मिक, धार्मिक व सामाजिक विशिष्टताओं से अवगत करवाया।

उन्होंने कहा कि भाई-बहिन अपने सभी मन मुटाव, भेदभाव, कमी को दूर करते हुए पर्व को स्नेह,आत्मीयता, प्रेम, सौहार्द, वात्सल्य से बनाएं। शांति स्नात्र पूजा के एक दोहे को सुनाते हुए उन्होंने कहा रक्षा बंधन के दिन प्राणी मात्र के प्रति मैत्री भाव रखें तथा जीवों को अभय दान दें। खान-पान, साधना-आराधना व भक्ति में विवेक, अहिंसा व करुणा का ध्यान रखें व पाप बंधनों से बचें।

## देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम आज

**चूरू,** (कासं)। आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत राज्य सरकार की पहल पर शुक्रवार 12 अगस्त को पूरे राज्य में एक साथ हो रहे देशभक्ति गीतों के गायन कार्यक्रम अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार सवेरे 10.15 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने बताया कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद रहेंगे। जिलेभर के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। सभी ब्लॉक में भी इसी समय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## विश्व आदिवासी दिवस मनाया

**सादुलपुर,** (निसं)। आदिवासी मीना छात्रावास राजगढ़ में रिटायर्ड उपखण्ड अधिकारी जीतुसिंह मीना की अध्यक्षता में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में घाटिम देव, मत्स्य अवतार, मीन अवतार एवं अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए शुभारम्भ किया। साथ ही विभिन्न आदिवासी लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई।

# हनुमानगढ़ में भाजपा कल निकालेगी तिरंगा यात्रा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर गुरूवार को भाजपा नगर मंडल हनुमानगढ़ टाउन की विशेष बैठक हुई। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने 13 से 15 अगस्त के बीच चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के साथ-साथ शहर में तिरंगा यात्रा निकालने और 16 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर आयोजित किए जाने वाले रक्तदान शिविर की तैयारियों पर चर्चा की।

बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप ऐरी ने कहा कि तिरंगा हमारी शान, सम्मान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नगरवासियों से आव्हान करते हुए कहा कि इस साल आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनकर अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाएं और अमृत महोत्सव के पर्व में सहभागी बनें।

ऐरी ने कहा कि नगर के प्रत्येक बूथ स्तर पर सक्रियता और कर्मठता के

- **तैयारियों को लेकर बैठक में की चर्चा**

साथ सभी को हर घर तिरंगा अभियान से जोड़ना है। भाजपा कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोड़ते हुए सबकी सहभागिता के साथ अभियान के लिए जुटेंगे तो अच्छे परिणाम मिलेंगे।

बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से आपसी सहयोग व समन्वय के साथ हर घर तिरंगा अभियान को उत्साह के साथ सफल बनाने के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए कहा गया। पूर्व पालिकाध्यक्ष अमरसिंह राठौड़ ने कहा कि बीजेपी का सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत से हर बूथ पर लोगों से संपर्क शुरू करें। राठौड़ ने हर घर तक तिरंगा पहुंचाने के लिए जिम्मेदारी निर्धारित करने के निर्देश दिए। युवा भाजपा नेता अमित सहू ने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी सहयोग व समन्वय के साथ हर घर तिरंगा अभियान को उत्साह के साथ सफल बनाने के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए कहा।

जिला उपाध्यक्ष जुगलकिशोर गौड़ ने बताया कि अभियान के तहत 13 अगस्त को सुबह 9 बजे टाउन स्थित भारत माता चौक से तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। तिरंगा यात्रा शहर के मुख्य रास्तों और बाजार से होते हुए भटनेर दुर्ग पहुंचकर सम्पन्न होगी। भारत विभाजन विभत्सिका पर 14 अगस्त को शाम 5 बजे टाउन स्थित हिसारिया मार्केट से मौन जुलूस निकाला जायेगा।

16 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की चतुर्थ पुण्यतिथि और युवा भाजपा नेता अमित सहू के जन्मदिवस के मौके पर जंक्शन स्थित व्यापार संघ धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। बैठक में नगर मण्डल महामंत्री नितिन बंसल, चानणराम चौधरी, लीलाधर सोनी, महामंत्री संजय सैन मौजूद थे।

